.फर्द अहकाम नियम 26

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर

सरकार बनाम बनवारी लाल

किस्म मुकदमा मु. माल (विविध) 58/2021

प्रार्थना पत्र अंतर्गत 136 भू–राजस्व अधिनियम

ीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही अनिशिल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तारीख को हुआ
2.2021	आज यह प्रार्थना पत्र तहसीलदार श्रीगंगानगर के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। सरिस्ता से रिपोर्ट हो चुकी है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जावे। अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया जाकर पत्रावली दिनांक 22.02.2021 को पेश हो।	
	22.02.2021 पत्रावली पेश हुई। अप्रार्थी की तलबी होकर नोटिस प्राप्त हुआ। अप्रार्थी न्यायालय में उपस्थित नहीं। बार बार आवाजे लगवाई गई। अप्रार्थी न्यायालय में उपस्थित नहीं। अप्रार्थी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। तहसीलदार(राजस्व) श्रीगंगानगर द्वारा रिपोर्ट पेश की गई। तहसीलदार(राजस्व) द्वारा प्रकरण में आज ही बहस सुने जाने का निवेदन किया गया। बहस एकपक्षीय सुनी गई। तहसीलदार(राजस्व) श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार(राजस्व) श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत अनुशंषात्मक रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। आदेश की प्रति तहसीलदार(राजस्व) श्रीगंगानगर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल अभिलेखागार रहे। **आदेश आज दिनांक 22.02.2021 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।** (उम्मेद सिंह रतनू) **उपखण्ड अधिकारी एवं** **पदेन् सहायक कलक्टर** **श्रीगंगानगर**	

Scanned with CamScanner